जल्दी मतदान
26 अक्तूबर – 3 नवंबर

चुनाव का दिन
5 नवंबर

2024 सामान्य चुनाव

# मतदाता मार्गदर्शिका

मतपत्र प्रस्ताव

1989 से चुनावों के लिए NYC की
निष्पक्ष मार्गदर्शिका

nycvotes.org/hi पर और जानें

NYC VOTES
न्यूयॉर्क सिटी अभियान निधियन
बोर्ड की एक पहल

# आपकी 2024 की NYC मतदाता मार्गदर्शिका में आपका स्वागत है!

**NYC Votes के साथ समझदारी से वोट करें! मतपत्र पर क्या है इसके और मतदान करने के विभिन्न तरीकों के बारे में पढ़ें।**

### मैं कब मतदान करने वाला/वाली हूँ?

- न्यूयॉर्क स्टेट का सामान्य चुनाव मंगलवार, **5 नवंबर** को होगा।
- आप शनिवार, **26 अक्तूबर** से रविवार, **3 नवंबर** तक जल्दी मतदान कर सकते हैं।
- सोमवार, **4 नवंबर** को जल्दी मतदान नहीं है।

### मैं किसलिए मतदान कर रहा/रही हूँ?

**पद**

- राष्ट्रपति
- उप-राष्ट्रपति
- अमेरिकी सेनेट
- अमेरिकी प्रतिनिधि सभा
- स्टेट सेनेट
- स्टेट असेम्बली

**न्यायाधीश**

- NYS सुप्रीम कोर्ट
- सिविल कोर्ट
- सरोगेट्स कोर्ट

**अन्य**

- मतपत्र प्रस्ताव

अपने मतपत्र पर मौजूद उम्मीदवारों के बारे में जानने के लिए, **hindi.nycvotes.org/candidates** पर जाएं।

## चुनाव की तिथियाँ और अंतिम तिथियाँ

| | |
|---|---|
| **26 अक्तूबर** | **मतदाता रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि**<br>**डाक द्वारा मतदान के लिए मतपत्र की माँग** (ऑनलाइन या डाक द्वारा)<br>**जल्दी मतदान शुरू होता है** |
| **3 नवंबर** | **जल्दी मतदान खत्म होता है** |
| **4 नवंबर** | **अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग की अंतिम तिथि** (व्यक्तिगत रूप से चुनाव बोर्ड के कार्यालय में) |
| **5 नवंबर** | **चुनाव का दिन (सुबह 6:00 बजे से रात 9:00 बजे तक)**<br>**आपके अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र पर पोस्टमार्क का अंकन करवाने या उसे मतदान स्थल पर छोड़ने की अंतिम तिथि** |

## विषय सूची


3 मतदान कैसे करें
4 आपके मतदान स्थल पर क्या अपेक्षा करें
5 एक मतदाता के रूप में मेरे अधिकार क्या हैं?
6 पहुंच
7 नमूना मतपत्र
8 निर्वाचित अधिकारी क्या करते हैं?
9 फ़ॉल 2024 के मतपत्र प्रस्ताव
14 NYC Votes के बारे में
15 अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न
16 चुनाव बोर्ड से संपर्क करें

# मतदान कैसे करें

## मतदान स्थल और मतदान के घंटे

**अपना मतदान स्थल और मतदान के घंटे खोजें:**

- **nycvotes.org/hi** पर जाएं।
- NYC चुनाव बोर्ड को **866-VOTE-NYC (866-868-3692)** पर या **TTY 212-487- 5496** पर कॉल करें।

## डाक द्वारा मतदान

**डाक द्वारा मतदान करने के लिए दो विकल्प हैं: 'अनुपस्थित व्यक्ति' और 'डाक द्वारा जल्दी'। अगर आपके पास ऐसी वजह है जिसमें बीमारी या यात्रा शामिल हैं, आप अनुपस्थित व्यक्ति के मतपत्र का अनुरोध कर सकते हैं। अगर आपके पास कोई कारण नहीं है, तो आप एक डाक द्वारा जल्दी मतदान के लिए मतपत्र की माँग कर सकते हैं।**

**26 अक्तूबर आपके मतपत्र की ऑनलाइन माँग करने या चुनाव बोर्ड (Board of Elections, BOE) को डाक द्वारा आपकी माँग मिलने की अंतिम तिथि है। डाक द्वारा मतदान के लिए मतपत्र की माँग तभी करें जब आपकी इसे उपयोग करने की योजना हो। राज्य के एक नये कानून की वजह से, अगर आप डाक द्वारा मतदान के लिए मतपत्र की माँग करने के बाद व्यक्तिगत रूप से मतदान करना चुनते हैं, तो आपको अपने मतदान स्थल पर एक शपथ पत्र मतपत्र से मतदान करना होगा।**

**डाक द्वारा मतदान के लिए अपने मतपत्र की माँग कैसे करें:**

- **requestballot.vote.nyc** पर जाएं।
- NYC चुनाव बोर्ड को **866-VOTE-NYC (866-868-3692)** पर या श्रवण बाधित लोगों के लिए **TTY 212-487-5496** पर कॉल करें।
- अपने स्थानीय NYC चुनाव बोर्ड कार्यालय में जाएं। व्यक्तिगत रूप से अपने मतपत्र की माँग करने की अंतिम तिथि **4 नवंबर** है।

**अगर आप दृष्टिबाधित हैं या आपको कोई अक्षमता है**

अपना मतपत्र किसी स्क्रीन रीडर के द्वारा पढ़वाने के लिए, आप एक पहुँच योग्य अनुपस्थित व्यक्ति के मतपत्र की **requestballot.vote.nyc/accessibility** पर या ऊपर दिए नंबर पर कॉल करके माँग कर सकते/सकती हैं।

अगर आप स्थायी रूप से बीमार या अक्षम हैं तो आप बिना दोबारा आवेदन किए हरेक चुनाव के लिए अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र पा सकते हैं। स्थायी बीमारी या शारीरिक अक्षमता को अपने कारण के रूप में दर्शाते हुए अपने काउंटी चुनाव बोर्ड के पास एक आवेदन दर्ज करें।

**अपने मतपत्र को ट्रैक करें**

आप NYC चुनाव बोर्ड से अपने मतपत्र को **requestballot.vote.nyc/tracking** पर ट्रैक कर सकते हैं।

## जल्दी वोट देना

**आप चुनाव का दिन से पहले व्यक्तिगत रूप से जल्दी वोट दे सकते हैं!**

**यह जानें**

- जल्दी मतदान के लिए मतदान स्थल और चुनाव के दिन के मतदान स्थल आम तौर पर अलग-अलग होते हैं।
- हर दिन घंटे अलग-अलग होते हैं, इसलिए अपने मतदान स्थल को जाँच लें और जाने से पहले उनके घंटों की पुष्टि कर लें।

**जल्दी मतदान की तिथियाँ**

शनिवार, **26 अक्तूबर** से रविवार, **3 नवंबर** तक। सोमवार, **4 नवंबर** को जल्दी मतदान नहीं है।

## चुनाव का दिन

मतदान चुनाव के दिन, **5 नवंबर** को सुबह 6:00 बजे से रात 9:00 बजे तक खुला है। आपको अपने निर्दिष्ट मतदान स्थल पर मतदान करना होगा।

**मतदान स्थल के स्थान बदल सकते हैं, इसलिए जाने से पहले ज़रूर जाँच लें!**

# आपके मतदान स्थल पर क्या अपेक्षा करें

### पहुंचने पर चेकइन करें

जब आप वहाँ प्रवेश करेंगे/करेंगी, तब एक चुनाव कर्मी आपको दिखाएगा कि आपको कहाँ साइन इन करना है। वे रजिस्टर्ड मतदाताओं की एक सूची में आपको खोजेंगे और आपको मतपत्र देने से पहले आपके हस्ताक्षर की जाँच करेंगे।

**प्रो टिप: अगर आपको चुनाव बोर्ड से डाक में Fast Pass मिला हो, तो तेज़ चेकइन के लिए इसे अपने साथ लाएं!**

* अगर आप कोई पहली बार मतदान कर रहे ऐसे मतदाता न हों, जिसने मतदान के लिए रजिस्टर करते वक्त मोटर वाहन विभाग (Department of Motor Vehicles, DMV) या सोशल सिक्योरिटी नंबर न दिया हो, तो मतदान करने के लिए आपको पहचान पत्र दिखाने की ज़रूरत नहीं है।

---

### अपना मतपत्र भरें

अपने मतपत्र को अपनी पसंद के नाम के पास बने अण्डाकार आकृति को पूरा भर कर चिह्नित करें।

अगर आप ग़लती कर दें या अगर आपको अपने मतपत्र के बारे में कोई प्रश्न हो, तो किसी चुनाव कर्मी से मदद माँगें।!

* अपने मतपत्र के दोनों तरफ जाँचना याद रखें, ताकि आप से कुछ छूट न जाए।

---

### अपना मतपत्र स्कैन करें

एक बार आपने अपना मतपत्र भर लिया हो, तो एक चुनाव कर्मी आपके मतपत्र को स्कैनर में डालने में आपकी मदद करेगा। जब आपका मत अंदर चला जाएगा, तो स्कैनर आपको बताएगा।

---

### अपना स्टिकर पाएं

अपना स्टिकर ले लें! उसे लगाएं, सब को दिखाएं, और सुनिश्चित करें कि आपके दोस्तों और रिश्तेदारों की भी मतदान करने की योजना हो।

# मतदाता के रूप में मेरे क्या अधिकार हैं?

## आम चुनाव में आपको मतदान का अधिकार है अगर:

- आप NYC में एक रजिस्टर्ड मतदाता हैं।
- आपकी उम्र कम से कम 18 साल हैं और आप अमेरिकी नागरिक हैं।
- मतदान स्थल के बंद होने के समय से पहले आप वहाँ पर कतार में हों।

## किसी भी चुनाव में, आपको यह अधिकार है:

- अगर आपको भाषा सहायता की ज़रूरत हो, तो किसी चुनाव कर्मी से मदद या अनुवादक की माँग करें। अनुवादक के बारे में अधिक जानकारी के लिए **866-VOTE-NYC (866-868-3692)** पर कॉल करें या श्रवण बाधित लोगों के लिए **TTY 212-487-5496**।
- मतदान में आपकी मदद करने के लिए किसी को साथ लाएं (आपके नियोक्ता या यूनियन प्रतिनिधि को छोड़ कर)।
- अपने साथ इस मतदाता मार्गदर्शिका सहित सामग्री लाने का।
- वोटिंग मशीन खराब हो गई हो, तब भी मतदान करने का।
- अगर आपके मतदान स्थल पर आपका नाम मतदाता सूची में न हो, तो शपथ पत्र मतपत्र द्वारा मतदान करने का।
- सुलभ मतदान स्थल ऐसा स्थान होता है, जहाँ कोई भौतिक अवरोध न हों।
- मतदान करने के लिए पहुँच योग्य वोटिंग मशीन इस्तेमाल करने का।
- आपकी क्षमता या अक्षमता को ध्यान में लिए बगैर मतदान करने का।

## छोटे या बड़े अपराध के लिए दोषी पाए गए लोगों के लिए मतदान के अधिकार:

- खराब आचरण (मिसडिमीनर) और उल्लंघन (वायोलेशन) के लिए अपराधी ठहराये जाने से आप को मतदान करने से रोका नहीं जा सकता, आप जेल में सज़ा काट रहे हों तब भी नहीं।
- अगर आप इस वक्त किसी बड़े अपराध के लिए कारावास में हैं, तो आप मतदान के लिए पात्र नहीं हैं। हालाँकि, अगर आपको किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया हो और आपकी सज़ा निलंबित हो, तो आप मतदान कर सकते हैं।
- अगर आप अपराध के लिए दोषी ठहराए गए हों और जेल से छूट गए हों, तो आप मतदान कर सकते हैं। हालाँकि, आपको मतदान के लिए फिर से रजिस्टर करना होगा।
- अगर आप पर संघीय अदालत में अपराध साबित हुआ है या आप किसी अन्य राज्य में अपराधी साबित हो चुके हैं, तब भी आप न्यूयॉर्क में रजिस्टर करके मतदान कर सकते हैं।
- अगर आप इस वक्त प्रोबेशन या पेरोल पर हों, तो आप मतदान कर सकते हैं।
- अगर आप इस वक्त खराब आचरण के लिए जेल में हों या मुकद्दमे का इंतज़ार कर रहे हों, तो आप मतदान कर सकते हैं।

## आपको सहायता की ज़रूरत हो तो किससे संपर्क करें:

- अगर आपके मतदान स्थल पर कोई समस्या हो, तो किसी मतदान कर्मी को बताएं या NYC चुनाव बोर्ड से **866-VOTE-NYC (866-868-3692)** या **TTY 212-487-5496** पर संपर्क करें।
- अगर आपके अधिकारों का उल्लंघन किया गया हो, तो चुनाव संरक्षण हॉटलाइन **866-OUR-VOTE (866-687-8683)** पर कॉल करें और एक प्रशिक्षित चुनाव संरक्षण स्वयंसेवक से बात करके निःशुल्क कानूनी सहायता पाएं।
- **(866) 390-2992** पर कॉल कर के या **ag.ny.gov/election-hotline** पर जा कर अपनी शिकायत को न्यूयॉर्क अटॉर्नी जनरल से साझा करें।

# पहुंच

**न्यूयॉर्क के हर मतदाता को मतदान करने का अधिकार है। अगर आपको अक्षमता या सीमित अंग्रेजी दक्षता के कारण अपना मतपत्र भरने में सहायता की आवश्यकता है, तो सहायता उपलब्ध है।**

## सुलभ अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र

अगर आप दृष्टि बाधित हैं या किसी कागज़ी मतपत्र को चिह्नित नहीं कर सकते हैं, तब भी आप डाक से मतदान कर सकते हैं। आप लिए सुलभ अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग कर सकते/सकती हैं, जिसे स्क्रीन रीडर द्वारा पढ़ा जा सकता है और कंप्यूटर का इस्तेमाल करके भरा जा सकता है। अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग करने के लिए, यहाँ जाएं: **nycabsentee.com/accessibility** या **866-VOTE-NYC (866-868-3692)** पर कॉल करें या श्रवणबाधित लोगों के लिए **TTY 212-487-5496**।

## भाषा और दुभाषिया सेवाएं

शहर भर के कई मतदान स्थलों पर अनुवादक उपलब्ध हैं। आपको अपने मतपत्र को समझने और भरने में मदद करने के लिए परिवार के सदस्य, दोस्त या अनुवादक सहित किसी व्यक्ति को अपने साथ रखने का अधिकार है।

कौनसे मतदान स्थल पर दुभाषिए उपलब्ध हैं यह आप यहाँ से जान सकते हैं **hindi.nycvotes.org/accessibility**। आप **866-VOTE-NYC (866-868-3692)** पर भी कॉल कर सकते हैं।

## मतपत्र मार्किंग डिवाइस


**अंध, दृष्टिबाधित या फिर ऐसी अक्षमता या स्थिति वाले मतदाता, जिनके लिए पेन से मतपत्र को चिह्नित करना मुश्किल या असंभव हो, उनके सहित, मतदाताओं को बेहतर पहुंच देने के लिए मतदान स्थलों पर मतपत्र के लिए मार्किंग डिवाइस या बैलट मार्किंग डिवाइस (ballot marking devices, BMD) उपलब्ध हैं।**

अगर आप एक BMD इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो चुनाव कर्मी से कहें! आप इसका उपयोग मतपत्र को एक डिस्प्ले स्क्रीन पर देखने, उसका अतिरिक्त भाषाओं में अनुवाद करने या फिर अपने चयनों को हेडफोन से सुनने के लिए कर सकते हैं।

## डिवाइस आपके मतपत्र को चिह्नित करने के चार तरीके प्रदान करता है:



**टच स्क्रीन**



**कीपैड (ब्रेल)**



**सिप एंड पफ डिवाइस**



**रॉकर पैडल**

- आप टेक्स्ट को बड़ा करने के लिए “ZOOM IN” (ज़ूम इन) कर सकते हैं, टेक्स्ट को फिर मूल साइज़ पर लाने के लिए “ZOOM OUT” (ज़ूम आउट) या फिर मतपत्र को काली पृष्ठ भूमि में सफेद लिखावट में दिखाने के लिए “HIGH CONTRAST” (हाई कंट्रास्ट) चुन सकते हैं।
- आप हेडफ़ोन पर ऑडियो को दोहरा सकते हैं या फिर उसकी गति और वॉल्यूम को समायोजित कर सकते हैं।
- याद रखिए! जब तक आप अपने चिह्नित मतपत्र को स्कैनर में डाल कर अपना मत नहीं देते हैं, आपके चयन अंतिम नहीं हैं।
- अगर आपको अपना मतपत्र स्कैनर में डालने में सहायता की ज़रूरत हो, तो चुनाव कर्मी आपकी मदद करेगा।

# नमूना मतपत्र

नीचे दिया नमूना मतपत्र केवल देखने के लिए है। यह आपका वास्तविक मतपत्र नहीं है और इसे भरना आपके मत के रूप में नहीं गिना जाएगा।

| | | |
|---|---|---|
| **City Council** | ⬭ **Candidate A** Party 1 | ⬭ **Candidate B** Party 2 |
| **District Attorney** Bronx, Queens, Staten Island | ⬭ **Candidate A** Party 1 | ⬭ **Candidate B** Party 2 |
| **State Supreme Court** Manhattan, Bronx, Queens, Brooklyn | ⬭ **Candidate A** Party 1 | ⬭ **Candidate B** Party 2 |
| **Civil Court Judges** | ⬭ **Candidate A** Party 1 | ⬭ **Candidate B** Party 2 |
| **Surrogate's Court** Brooklyn | ⬭ **Candidate A** Party 1 | ⬭ **Candidate B** Party 2 |

## मेर मतपत्र चयन

एक बार आपने मतपत्र प्रस्तावों के बारे में जान लिया हो, तो अपने चयन सूचीबद्ध करने के लिए इस पेज को इस्तेमाल करें। आप अपना मतपत्र भरते वक्त संदर्भ के रूप में देखने के लिए इसे अपने साथ अपने मतदान स्थल पर ला सकते हैं।

### मतपत्र प्रस्ताव

| | | |
|---|---|---|
| प्रस्ताव 1 | ⬭ हां | ⬭ नहीं |
| प्रस्ताव 2 | ⬭ हां | ⬭ नहीं |
| प्रस्ताव 3 | ⬭ हां | ⬭ नहीं |
| प्रस्ताव 4 | ⬭ हां | ⬭ नहीं |
| प्रस्ताव 5 | ⬭ हां | ⬭ नहीं |
| प्रस्ताव 6 | ⬭ हां | ⬭ नहीं |

**याद दिला दें! आपकी पार्टी और आप जहाँ रहते हैं उसके आधार पर आपके मतपत्र पर अतिरिक्त पद हो सकते हैं।**

आप चुनाव बोर्ड से मतपत्र के नमूने का प्रीव्यू **findmypollsite.vote.nyc** पर देख सकते हैं।

# निर्वाचित अधिकारी क्या करते हैं?

हमारे निर्वाचित अधिकारी हररोज़ ऐसे निर्णय लेते हैं, जो नौकरियों, हाउसिंग, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अधिक को प्रभावित करते हैं। अपने मतपत्र पर मौजूद पदों के बारे में और जानें।

**उम्मीदवारों के बारे में जानने के लिए**
**hindi.nycvotes.org/candidates** पर जाएं।

## संघीय पद

### अमेरिकी सेनेट

सेनेट अमेरिकी कांग्रेस का ऊपरी सदन है। सेनेट में 100 सदस्य होते हैं, जिसमें हर राज्य से दो सदस्य होते हैं। उनका कार्यकाल छह साल का होता है।

कोई बिल जब सेनेट और हाउस में पारित हो जाए और राष्ट्रपति उस पर हस्ताक्षर कर दें, तब वह कानून बन जाता है।

- कानूनों का मसौदा बनाना, उन पर बहस करना और मतदान करना।
- कैबिनेट के सदस्यों, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों और संघीय न्यायाधीशों जैसे राष्ट्रपति नियुक्तियों की पुष्टि करें।
- सरकार की सभी शाखाओं कीदेखरेख करना।

### अमेरिकी प्रतिनिधि सभा

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा अमेरिकी कांग्रेस का निचला सदन है। इसमें 435 सदस्य हैं, जिनमें हर राज्य का प्रतिनिधित्व अमेरिका की जनसंख्या में उनके हिस्से के अनुपात में संख्या द्वारा किया जाता है। उनका कार्यकाल दो साल का होता है।

कोई बिल जब सेनेट और हाउस में पारित हो जाए और राष्ट्रपति उस पर हस्ताक्षर कर दें, तब वह कानून बन जाता है।

- कानूनों का मसौदा बनाना, उन पर बहस करना और मतदान करना।
- सरकार की सभी शाखाओं की देखरेख करना।

## स्टेट पद

### राज्य सेनेट

स्टेट सेनेट राज्य विधान सभा का ऊपरी सदन है। इसमें 63 सदस्य हैं। स्टेट के सेनेटरों का कार्यकाल दो साल का होता है, और अवधियों की यानी कि वह कितनी बार चुनाव लड़ सकते हैं इसकी कोई सीमा नहीं होती।

- कानून तैयार करता है और उस पर मतदान करता है।
- स्टेट द्वारा खर्च के स्तर को स्वीकृति देता है।
- राज्यपाल के वीटो का समर्थन करता है या उसका अधिरोहण करता है।
- राज्यपाल द्वारा स्टेट के अधिकारियों और कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति की पुष्टि करता है।

### स्टेट असेम्बली

स्टेट असेम्बली राज्य विधान सभा का निचला सदन है। इसमें 150 सदस्य हैं। सदस्यों का कार्यकाल दो साल का होता है, और अवधियों की यानी कि वह कितनी बार चुनाव लड़ सकते हैं इसकी कोई सीमा नहीं होती।

- कानून तैयार करता है और उस पर मतदान करता है।
- स्टेट द्वारा खर्च के स्तर को स्वीकृति देता है।
- राज्यपाल के वीटो का समर्थन करता है या उसका अधिरोहण करता है।

## न्यायाधीश

### स्टेट का सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट के न्यायधीश अपने डिस्ट्रिक्ट के भीतर चल रहे बड़े आपराधिक और नागरिक मुकद्दमों की देखरेख करते हैं। सुप्रीम कोर्ट न्यूयॉर्क राज्य का ट्रायल कोर्ट है; कोर्ट ऑफ़ अपील्स उच्चतम न्यायालय है। ये जज 14 साल की अवधि तक सेवारत रहते हैं।

- तलाक, अलग होने और (शादी को) रद्द करने की कार्रवाइयों की अध्यक्षता करते हैं।
- महा-अपराधों के आपराधिक मुकद्दमों को संभालते हैं।
- $50,000 से ज़्यादा के नागरिक मामलों का निर्णय करते हैं।

### सिविल कोर्ट – काउंटी और डिस्ट्रिक्ट

सिविल कोर्ट के न्यायधीश काउंटी या डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं, इसलिए हो सकता है कि आप अपने मतपत्र पर एक से ज्यादा सिविल कोर्ट न्यायाधीश को देखें। न्यायाधीशों को 10 साल की अवधि के लिए निर्वाचित किया जाता है और वे इसके सहित मामलों की सुनवाई करते हैं:

- $ 50,000 तक के नागरिक मामले।
- मकान मालिक किरायेदारों के मामले और हाउसिंग मानकों के रखरखाव से जुड़े मामले।
- दुर्व्यवहार पर आपराधिक मुकद्दमा।

### सरोगेट्स कोर्ट

सरोगेट कोर्ट जज काउंटी के निवासियों की मृत्यु के बाद उनकी संपत्ति के केस सुनते हैं। वे 14 साल की अवधि तक सेवारत रहते हैं और इसके सहित मामलों को सुन सकते हैं:

- वसीयत और संपत्ति के व्यवस्थापन जैसे मृतक व्यक्तियों के मामलों से जुड़े मामले
- बच्चे को गोद लेना
- संरक्षकता

# फ़ॉल 2024 के मतपत्र प्रस्ताव

## मतपत्र प्रस्ताव 1

# राज्य के अधिकार पत्र में कुछ संरक्षण जोड़ता है

### यह प्रस्ताव मतपत्र पर क्यों है:

इस साल मतपत्र प्रस्ताव 1 मतपत्र पर है क्योंकि न्यूयॉर्क स्टेट असेम्बली ने लगातार दो विधेयक सत्रों में समान अधिकार संशोधन (Equal Rights Amendment, ERA) पारित किया है। अब यह निर्णय न्यूयॉर्क निवासियों का है कि इस बात पर सीधे मतदान करें कि क्या राज्य के संविधान को संशोधित किया जाए।

### इस प्रस्ताव का विवरण:

राज्य के संविधान में भेदभाव-विरोधी प्रावधान जोड़ता है। मूल वंश, राष्ट्रीय मूल, आयु, अक्षमता और लिंग, जिसमें यौन पसंद, लैंगिक पहचान और सगर्भावस्था शामिल है, को कवर करता है। प्रजनन स्वास्थ्य सेवा और स्वायत्तता को भी कवर करता है।

"**हाँ**" का वोट भेदभाव के खिलाफ इन संरक्षणों को न्यूयॉर्क राज्य के संविधान में रखता है।

"**नहीं**" का वोट इन संरक्षणों को राज्य के संविधान के बाहर रखता है।

### इस प्रस्ताव का क्या अर्थ है:

यह प्रस्ताव राज्य के संविधान में इनके आधार पर भेदभाव-विरोधी संरक्षण जोड़ता है, जिसमें मूलवंश, राष्ट्रीय मूल, आयु, अक्षमता और लिंग, जिसमें यौन पसंद, लैंगिक पहचान, सगर्भावस्था और सगर्भावस्था से जुड़े परिणाम शामिल हैं। यह उन न्यूयॉर्क निवासियों की भी उस आधार पर भेदभाव से रक्षा करेगा जो प्रजनन संबंधी स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच प्राप्त करना चाहते हैं।

### अगर यह प्रस्ताव पारित हो जाता है:

न्यूयॉर्क निवासियों को कानून के तहत इन मानदंडों के आधार पर भेदभाव से सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

### ये अगले 5 प्रस्ताव मतपत्र पर क्यों हैं:

2024 चार्टर संशोधन कमीशन (Charter Revision Commission) ने न्यूयॉर्क नगर चार्टर की समीक्षा करके उसकी कार्यक्षमता और सभी न्यूयॉर्क निवासियों के प्रति प्रतिक्रियात्मकता सुनिश्चित की, सार्वजनिक सुनवाइयों का आयोजन किया और जनता की राय माँगने के लिए संपर्क कार्यक्रम आयोजित किए, और निम्नलिखित पाँच परिवर्तनों का सुझाव दिया।

# मतपत्र प्रस्ताव 2

# सार्वजनिक संपत्ति की सफ़ाई

### इस प्रस्ताव का विवरण:

यह प्रस्ताव सड़कों और शहर की अन्य संपत्तियों को साफ़ करने और कंटेनरों में कचरे का निपटान आवश्यक बनाने के लिए स्वच्छता सेवा विभाग की ताकत को विस्तारित और स्पष्ट करने के लिए नगर चार्टर में संशोधन करेगा।

"**हाँ**" वोट करने से सड़को और शहर की अन्य संपत्तियों को साफ़ करने और कंटेनरों में कचरे के निपटान को आवश्यक बनाने के लिए स्वच्छता सेवा विभाग की ताकत का विस्तार और स्पष्टीकरण होगा। "**नहीं**" वोट करना कानून को अपरिवर्तित रखता है।

### इस प्रस्ताव का क्या अर्थ है:

स्वच्छता सेवा विभाग (New York City Department of Sanitation, DSNY) को बाग़ों और हाईवे मीडियनों सहित पूरे शहर की संपत्ति को साफ़ रखने की और उन स्थानों पर नियमों के पालन के लिए सड़कों पर विक्रेताओं को ज़िम्मेदार ठहराने के लिए बढ़ा हुआ अधिकार प्राप्त होगा। यह DSNY को यह विनियमित करने भी देगा कि न्यूयॉर्क निवासी एकत्रीकरण के लिए अपना कूड़ा कैसे डालें।

### अगर यह प्रस्ताव पारित हो जाता है:

यह DSNY के अधिकार और शहर को साफ़ रखने के लिए क्षेत्राधिकार को स्पष्ट करेगा और कूड़े को एकत्रीकरण के लिए कैसे बाहर रखा जाए, इसके बारे में नियम बनाएगा।

# मतपत्र प्रस्ताव 3

# प्रस्तावित कानूनों की लागत के अतिरिक्त अंदाज़े और बजट की अंतिम तिथियों में किए जाने वाले अपडेट

## इस प्रस्ताव का विवरण:

यह प्रस्ताव नगर चार्टर को संशोधित करके कानूनों पर सुनवाई और वोट के पहले परिषद से वित्तीय विश्लेषण को आवश्यक बनाएगा, मेयर से वित्तीय विश्लेषण को अधिकृत करेगा और बजट की अंतिम तिथियों को अपडेट करेगा।

"**हाँ**" वोट करने से नगर चार्टर संशोधित हो जाएगा और कानूनों पर सुनवाई और वोट के पहले अतिरिक्त वित्तीय विश्लेषण को आवश्यक बनाएगा, और बजट की अंतिम तिथियों को अपडेट करेगा। "**नहीं**" वोट करना कानून को अपरिवर्तित रखता है।

## इस प्रस्ताव का क्या अर्थ है:

प्रस्तावित कानूनों पर मतदान करने से पहले नगर परिषद उनकी लागत का अंदाज़ा प्रदान करती है। यह प्रस्ताव मेयर के प्रबंधन और बजट कार्यालय (Mayor's Office of Management and Budget) को प्रस्तावित कानूनों के लिए अपने खुद के लागत के अनुमान प्रदान करने का मौका देगा और परिषद के लिए अपने लागत के अनुमानों को प्रस्तावित कानूनों पर सार्वजनिक सुनवाइयों से पहले प्रकाशित करना अनिवार्य बना देगा। यह प्रस्ताव परिषद के लिए सार्वजनिक सुनवाइयों या प्रस्तावित कानूनों पर मतदान से पहले मेयर के कार्यालय को औपचारिक रूप से सूचित करना भी आवश्यक बनाएगा। अंत में, यह प्रस्ताव नये मेयर के प्रशासन के पहले वर्ष में कुछ बजट रिपोर्टों के लिए अंतिम तिथि को बढ़ाएगा, और स्थायी रूप से मेयर द्वारा सिटी के वार्षिक बजट को प्रकाशित करने की अंतिम तिथि को बढ़ाएगा।

## अगर यह प्रस्ताव पारित हो जाता है:

यह मेयर के लिए एक नई भूमिका की स्थापना करेगा, जिसमें कानून पारित होने से पहले उनकी लागत का आकलन करना होगा, और यह आवश्यक बनाएगा कि प्रस्तावित कानूनों पर सार्वजनिक सुनवाइयों पर विचार किया जाए उससे पहले परिषद और मेयर से लागत के अनुमान उपलब्ध हों। इससे मेयर को शहर का वार्षिक बजट नगर परिषद के सामने प्रस्तुत किया जाए उससे पहले तैयारी करने के लिए कुछ अतिरिक्त समय भी मिलेगा।

# मतपत्र प्रस्ताव 4

# सार्वजनिक सुरक्षा कानून पर मतदान से पहले अधिक अग्रिम सूचना और समय

## इस प्रस्ताव का विवरण:

इस प्रस्ताव के लिए पुलिस, सुधार या अग्निशमन विभाग के सार्वजनिक सुरक्षा प्रचालनों से जुड़े कानूनों पर नगर परिषद के मतदान करने से पहले अतिरिक्त सार्वजनिक सूचना और समय की आवश्यकता होगी।

"हाँ" वोट करने से पुलिस, सुधार या अग्निशमन विभाग के सार्वजनिक सुरक्षा प्रचालनों से जुड़े कानूनों पर परिषद के मतदान करने से पहले अतिरिक्त सार्वजनिक सूचना और समय की आवश्यकता होगी। "नहीं" वोट करना कानून को अपरिवर्तित रखता है।

## इस प्रस्ताव का क्या अर्थ है:

परिषद को पुलिस विभाग (Police Department), सुधार विभाग (Department of Correction) या अग्निशमन विभाग (Fire Department) को प्रभावित करने वाले सार्वजनिक सुरक्षा कानूनों पर मतदान करने से पहले 30 दिन का नोटिस देना होगा। इस समय के दौरान, मेयर और प्रभावित सिटी एजेंसियां जनता की अतिरिक्त राय को सुनने के लिए सार्वजनिक सुनवाइयाँ भी आयोजित कर सकती हैं।

## अगर यह प्रस्ताव पारित हो जाता है:

मेयर और प्रभावित एजेंसियां 30 दिनों की अवधि का इस्तेमाल प्रस्ताव पर सार्वजनिक सुनवाई आयोजित करने के लिए कर सकते हैं।

# मतपत्र प्रस्ताव 5

# दीर्घकालीन योजना

## इस प्रस्ताव का विवरण:

यह प्रस्ताव शहर की सुविधाओं के वार्षिक आकलन में अधिक विस्तृत जानकारी देने की आवश्यकता के लिए नगर चार्टर में संशोधन करेगा, यह अध्यादेश देगा कि सुविधा को दीर्घकालीन योजना को सूचित करना चाहिए और दीर्घकालीन योजना की अंतिम तिथियों को अपडेट करेगा।

"हाँ" वोट करने से शहर की सुविधाओं की रखरखाव संबंधी ज़रूरतों के आकलन के समय अधिक विवरण आवश्यक होगा, यह अध्यादेश दिया जाएगा कि सुविधा को दीर्घकालीन योजना को सूचित करना होगा और यह दीर्घकालीन योजना की अंतिम तिथियों को अपडेट कर देगा। "नहीं" वोट करना कानून को अपरिवर्तित रखता है।

### इस प्रस्ताव का क्या अर्थ है:

शहर को शहर की सुविधाओं, अवसंरचनाओं और निवेशों के रखरखाव की लागत का आकलन करना होगा और इन आकलनों को दीर्घकालीन योजना रिपोर्टों में प्रकाशित करना होगा।

### अगर यह प्रस्ताव पारित हो जाता है:

यह नगर की संपत्ति के लिए रखरखाव की लागतों के आकलन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मानदंडों को विस्तारित करेगा। यह प्रस्ताव दीर्घकालीन योजना रिपोर्टों की देय तिथि और जुड़ी हुई सार्वजनिक सुनवाई की तिथि को भी बदल देगा।

## मतपत्र प्रस्ताव 6

# अल्पसंख्यक और महिलाओं के स्वामित्व वाले व्यवसाय उद्यम (Minority and Women-Owned Business Enterprises, MWBES), फ़िल्म के लिए परमिट और आर्काइव समीक्षा बोर्ड

### इस प्रस्ताव का विवरण:

यह प्रस्ताव नगर चार्टर को संशोधित करके एक वरिष्ठ व्यावसायिक विविधता अधिकारी (Chief Business Diversity Officer, CBDO) को स्थापित करेगा, मेयर को फ़िल्म के लिए परमिट जारी करने वाला पद निर्दिष्ट करने की अधिकृति देगा और आर्काइव बोर्ड्स को संयुक्त कर देगा।

"**हाँ**" वोट करने से MWBEओं की सहायता के लिए CBDO स्थापित होगा, मेयर को फ़िल्म परमिट जारी करने वाला पद निर्दिष्ट करने की अधिकृति मिलेगी और दो बोर्ड्स को संयुक्त कर दिया जाएगा। "**नहीं**" वोट करना कानून को अपरिवर्तित रखता है।

### इस प्रस्ताव का क्या अर्थ है:

यह प्रस्ताव MWBEओं की सहायता के लिए एक नई भूमिका की रचना करेगा, मेयर को कौनसी एजेंसी फ़िल्म परमिट जारी करेगी यह निर्दिष्ट करने देगा, और शहर के रिकॉर्ड प्रबंधित करने वाले दो बोर्ड को मिलाकर एक बना देगा।

### अगर यह प्रस्ताव पारित हो जाता है:

ये परिवर्तन करने के लिए यह चार्टर को संशोधित करेगा।

# NYC Votes के बारे में

**NYC Votes एक स्वतंत्र सिटी एजेंसी न्यूयॉर्क सिटी अभियान निधियन बोर्ड (Campaign Finance Board), जो यह सुनिश्चित करती है कि स्थानीय चुनाव न्याय संगत, समावेशी और खुले हों, की एक पहल है।**

हम मतदाताओं और उम्मीदवारों दोनों की प्रतिभागिता को समान रूप से प्रोत्साहित करते हैं ताकि हमारे निर्वाचित अधिकारी हमारे विविधतापूर्ण समुदायों की ज़रूरतों और मतदाताओं को जिनकी परवाह है उन मुद्दों को संबोधित करें।

हम ऐसा जिनके मतदान करने की कम संभावना हो ऐसे न्यूयॉर्क निवासियों को सशक्त बना कर, पद लड़ने में अवरोधों को कम कर के और हमारी चुनाव प्रणाली को बेहतर बनाने के सुझाव प्रदान करके करते हैं। NYC Votes सामुदायिक संगठनों, स्वयंसेवकों और अन्य नगर एजेन्सियों के साथ शहर भर में मतदाताओं को रजिस्टर करने, शिक्षित करने और शामिल करने के लिए साझीदारी करते हैं। हमारे चुनाव कैसे काम करते हैं और वे क्यों मायने रखते हैं, इस बारे में एक ईमानदार बातचीत करके हम सभी न्यूयॉर्क वासियों के लिए चुनावी प्रक्रिया की बेहतर समझ बनाने का लक्ष्य रखते हैं।

1988 में स्थापित एजेन्सी न्यूयॉर्क निवासियों को अपने मतपत्र पर मौजूद उम्मीदवारों और उनके अभियान का निधीयन कैसे हो रहा है इसके बारे में जानकारी से सुसज्जित करती है। हमारा मिलान निधि प्रोग्राम एक स्थानीय दाता से प्राप्त हर $1 का नगर के निधीयन से 8 तक से मिलान करता है, जिससे कि नगर के उम्मीदवारों को विशेष हितों के बजाए अपने समुदायों पर ध्यान केन्द्रित करने को प्रोत्साहन मिले।

## मिलान निधि प्रोग्राम

**आप जिनका समर्थन करते हैं ऐसे स्थानीय उम्मीदवारों को दान दें, ताकि वे पूरे शहर में प्रभावी अभियान चला सकें।**

आपका दान उम्मीदवारों को कर्मचारी नियुक्त करने, अभियान सामग्री बनाने और आपके समुदाय में अधिक मतदाताओं तक पहुँचने का अवसर देगा। जब आप उन उम्मीदवारों का समर्थन करते हैं जो सिटी के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा लेते हैं, तब आपका योगदान और भी आगे जाता है। शहर के निवासियों से हिस्सा लेने वाले उम्मीदवारों को दिए गए दान का 8-से-1 तक का मिलान हो सकता है। इसका मतलब है कि जब आप $10 का योगदान देते हैं, तो उम्मीदवार को $90 मिलते हैं।

**मिलान निधि कार्यक्रम के बारे में और जानें।**

यह प्रोग्राम यह सुनिश्चित करने में सहायता करता है कि नगर परिषद और मेयर जैसे स्थानीय पदों के लिए अभियानों का वित्तपोषण न्यूयॉर्क निवासियों के कम राशि के दान से हो, ना कि खास हितों से। इसका मतलब यह भी है कि वास्तव में अमीर न हों, लेकिन जिन्हें समुदाय का ज़बर्दस्त समर्थन प्राप्त हो ऐसे उम्मीदवार चुनाव लड़ने का खर्च वहन कर सकते हैं, जिससे एक अधिक विविधतापूर्ण और प्रतिनिधित्व करने वाली सरकार बनती है। न्यूयॉर्क शहर के 2021 के चुनाव में स्थानीय उम्मीदवारों में से 83% से अधिक ने कहा था कि मिलान निधि उनके पद के लिए चुनाव लड़ पाने की क्षमता की कुँजी थी।

**contribute.nycvotes.org पर योगदान दें।**

# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

## सामान्य

**मैंने अभी अप्रैल और/या जून में ही मतदान किया था। 5 नवंबर का चुनाव अलग कैसे है?**

इस साल में पहले, NYC ने यह तय करने के लिए प्रारंभिक चुनाव आयोजित किए थे कि कौन से उम्मीदवार 5 नवंबर के सामान्य चुनाव में अपने राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करेंगे। केवल राजनीतिक दलों के सदस्य प्रारंभिक चुनाव में मतदान करने के लिए पात्र थे। सामान्य चुनाव में, NYC के मतदाता तय करेंगे कि कौन से उम्मीदवार जनवरी से पदभार संभालेंगे।

सभी रजिस्टर्ड NYC मतदाता 5 नवंबर को मतदान करने के लिए पात्र हैं।

**सामान्य चुनाव क्या होता है?**

सामान्य चुनाव में विभिन्न पक्षों के उम्मीदवार निर्वाचित पद को जीतने के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। आप मतपत्र पर प्रत्येक पद के लिए किसी भी पार्टी से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार के लिए वोट कर सकते हैं। आप मतपत्र प्रस्तावों पर "हाँ" या "नहीं" का मत भी दे सकते हैं। सभी मतदाता जो अंतिम तिथि तक रजिस्टर कर चुके हों, एक सामान्य चुनाव में मतदान करेन के लिए पात्र हैं।

**मैं कैसे जाँच सकता/सकती हूँ कि मैं मतदान के लिए रजिस्टर्ड हूँ या नहीं?**

**voterlookup.elections.ny.gov** पर जाएं या NYC चुनाव बोर्ड को **866-VOTE-NYC (866-868-3692)** पर कॉल करें या श्रवण बाधित व्यक्तियों के लिए **TTY 212-487-5496**।

**मैंने पिछली बार मतदान किया उसके बाद मैंने न्यूयॉर्क शहर में घर बदला हो तो क्या?**

जब आप घर बदलें, तब आपको एक नया मतदाता रजिस्ट्रेशन प्रपत्र सबमिट करके चुनाव बोर्ड के पास अपना पता बदल देना चाहिए। आपके पते में बदलाव की जानकारी चुनाव बोर्ड को 26 अक्तूबर 2024 तक मिल जानी चाहिए। **866-VOTE-NYC (866-868-3692)** पर या श्रवण बाधित व्यक्तियों के लिए **TTY 212-487-5496** पर कॉल करके जानें कि क्या आपके पते में परिवर्तन को संसाधित कर लिया गया है।

अगर आपका पता अद्यतन नहीं किया गया है, तो आप अपने नये पते को आवंटित मतदान स्थल पर एक शपथ पत्र मतपत्र की माँग करके मतदान कर सकते हैं।

## डाक द्वारा मतदान

**अगर मैं डाक द्वारा मतदान के लिए मतपत्र की माँग करूँ तब भी क्या मैं व्यक्तिगत रूप से मतदान करने के लिए पात्र हूँ?**

अगर आपने डाक द्वारा मतदान के लिए मतपत्र माँगा था, तो आपको उससे मतदान करने की योजना बनानी चाहिए। आप अपना भरा हुआ मतपत्र जब तक मतदान खुला हो, किसी भी मतदान स्थल पर छोड़ सकते हैं। हालाँकि, अगर आप डाक द्वारा मतदान के लिए मतपत्र की माँग करने के बाद व्यक्तिगत रूप से मतदान करना चुनें, तो आपको अपने मतदान स्थल पर एक शपथ पत्र मतपत्र के साथ मतदान करना होगा। यह मतपत्र अलग दिखेगा। अगर आपको मदद की ज़रूरत हो, तो मतदान कर्मी से माँगें।

**अगर मैं अपना मतपत्र डाक से भेज रहा/रही हूँ तो क्या मुझे डाक टिकट लगाने होंगे?**

नहीं, आपको डाक टिकट लगाने की ज़रूररत नहीं है। हालाँकि यथाशीघ्र अपना मतपत्र डाक द्वारा वापस भेजना सुनिश्चित करें। इसे वैध होने के लिए चुनाव का दिन तक इस पर पोस्टमार्क सिक्का पड़ जाना चाहिए।

**क्या मैं अपना डाक द्वारा मतदान का मतपत्र अपने चुनाव स्थल पर छोड़ सकता/सकती हूँ?**

हाँ! आप अपना भरा हुआ मतपत्र किसी भी NYC मतदान स्थल पर छोड़ सकते हैं। मतपत्र बॉक्स फ्रंट डेस्क पर उपलब्ध होंगे। आपको डाक टिकट लगाने की ज़रूरत नहीं है।

**क्या मैं अपना मतपत्र लौटाने के बाद उसे ट्रैक कर सकता/सकती हूँ?**

हाँ! **requestballot.vote.nyc/tracking** पर जाएं।

**अगर मेरे अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र में कोई समस्या हो तो क्या? क्या मुझे उसे ठीक करने का मौका मिलेगा? कैसे?**

अगर आपके मतपत्र लिफाफे पर ठीक की जा सके ऐसी गलती हो, जैसे कि नामौजूद या गलत हस्ताक्षर, तो कानूनन चुनाव बोर्ड को आपको सूचित करना होगा। अगर आपके मतपत्र पर ठीक की जा सके ऐसी ग़लती हो, तो वे ग़लती का पता चलने के 1 दिन के भीतर आपसे डाक, ईमेल और फ़ोन (अगर उपलब्ध हो) के द्वारा संपर्क करेंगे। इसके बाद आपके पास एक हस्ताक्षरित पुष्टि भेज कर ग़लती को सुधारने के लिए 7 दिन तक का समय होगा।

और प्रश्न हैं? आप **nycvotes@nyccfb.info** पर ईमेल भेज सकते हैं या फिर Instagram, Twitter, या Facebook पर हमसे संपर्क कर सकते हैं।

**और प्रश्न हैं?**

**hindi.nycvotes.org/faqs** पर जाएं! आप हमें **nycvotes@nyccfb.info** पर ईमेल भी भेज सकते हैं या फिर हमें Instagram, Twitter, या Facebook (@nycvotes) पर मैसेज भी भेज सकते हैं।

## चुनाव बोर्ड के पास अपनी जानकारी अद्यतन करें

हमें आपका नाम और पता न्यूयॉर्क सिटी चुनाव बोर्ड द्वारा रखी जाने वाली रजिस्टर्ड, मतदाताओं की सूची से मिले। अगर आपको यह मतदाता मार्गदर्शिका डाक में मिली, लेकिन आप वह व्यक्ति नहीं है जिसे यह भेजी गई थी, या अगर जिसे भेजी गई थी उस व्यक्ति ने घर बदल दिया है या उनकी मौत हो गई है, तो चुनाव बोर्ड को सूचित करें, ताकि वे अपने रिकॉर्ड सुधार लें।

## मतदाता मार्गदर्शिका के बारे में

NYC VOTES

कानून के द्वारा NYC Votes को न्यूयॉर्क शहर में नगर के चुनावों के लिए रजिस्टर्ड वोटर वाले हरेक घर को एक मतदाता मार्गदर्शिका भेजना अनिवार्य है। हम हरेक रजिस्टर्ड मतदाता को अंग्रेज़ी और स्पेनिश में एक मार्गदर्शिका भेजते हैं और लक्षित क्षेत्रों में, जनगणना डेटा के आधार पर चीनी, कोरियाई और बंगाली भाषाओं में भी यह भेजते हैं।

आपके मतपत्र पर मौजूद उम्मीदवारों के बारे में जानने के लिए **hindi.nycvotes.org/candidates** पर जाएं।

न्यूयॉर्क शहर 2024 सामान्य चुनाव मतदाता मार्गदर्शिका। कॉपीराइट © 2024 न्यूयॉर्क सिटी अभियान निधियन बोर्ड। सर्वाधिकार सुरक्षित। डिज़ाइन करने वाले Bellweather। यूएसए में निर्मित।

## चुनाव बोर्ड से संपर्क करें

चुनाव बोर्ड हमारे चुनावों का संचालन करता है और रजिस्टर्ड मतदाताओं का डेटाबेस रखना, मतदान स्थलों की देखरेख करना, मतपत्र मतगणना करना और चुनाव के परिणाम की रिपोर्ट करना इसका दायित्व है। आप न्यूयॉर्क शहर चुनाव बोर्ड के पास अपना मतदाता रजिस्ट्रेशन अपडेट कर सकते हैं, अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र के लिए आवेदन कर सकते हैं, चुनाव कर्मी या दुभाषिया बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं और भी बहुत कुछ कर सकते हैं। हम चुनाव बोर्ड का हिस्सा नहीं हैं।

**और जानने के लिए vote.nyc पर जाएं।**

## प्रचालन के नियमित घंटे

सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे, सोमवार से शुक्रवार और चुनाव के दिन से पहले के वीकएंड पर और चुनाव के दिन। प्रचालन के घंटों के लिए **vote.nyc** देखें या **866-VOTE-NYC** या (श्रवण बाधित व्यक्तियों के लिए **TTY 212-487-5496**) पर कॉल करें।

| | पता | फोन नंबर |
|---|---|---|
| **सामान्य पद** | 32-42 Broadway, 7th Floor<br>New York, NY 10004 | 212-487-5400 |
| **Bronx** | 1780 Grand Concourse, 5th Floor<br>Bronx, NY 10457 | 718-299-9017 |
| **Brooklyn** | 345 Adams Street, 4th Floor<br>Brooklyn, NY 11201 | 718-797-8800 |
| **Manhattan** | 200 Varick Street, 10th Floor<br>New York, NY 10014 | 212-886-2100 |
| **Queens** | 118-35 Queens Boulevard, 11th Floor<br>Forest Hills, NY 11375 | 718-730-6730 |
| **Staten Island** | 1 Edgewater Plaza, 4th Floor<br>Staten Island, NY 10305 | 718-876-0079 |